भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा वाराणसी में 6,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई हवाई अड्डों के विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर, 2024: माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिनांक : 20 अक्टूबर, 2024 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में वाराणसी हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन और उससे संबंधित कार्यों के विकास, आगरा, दरभंगा और बागडोगरा के नए सिविल एन्क्लेव के विकास की आधारशिला रखी और रीवा, सरसावा और अंबिकापुर में नए हवाई अड्डों का उद्घाटन किया। वाराणसी में आयोजित समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल; उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ; माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संबंधित राज्यों के राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों और माननीय केंद्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

वाराणसी में नए टर्मिनल भवन और संबंधित कार्यों का विकास तथा आगरा, दरभंगा और बागडोगरा हवाई अड्डों पर नए सिविल एन्क्लेव का निर्माण कुल 5910 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के सरसावा, मध्य प्रदेश के रीवा और छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, के तीन नए हवाई अड्डों को कुल 225.88 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है जिनकी संयुक्त क्षमता प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करने की है। ये हवाई अड्डे चेक-इन काउंटर, बैगेज कन्वेयर और पर्याप्त कंसेसियनार क्षेत्र सहित यात्री सुविधाओं से पूरी तरह सुसज्जित हैं साथ ही इनमें और भी कई सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने सभा को संबोधित करते हुए इस बात पर बल दिया कि सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है,

जिसके दो मुख्य उद्देश्य हैं - लोगों के लिए सेवाओं में सुधार लाना और निवेश के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करना।

सभी सात हवाई अड्डों के डिजाइन उस राज्य और शहर की विरासत संरचनाओं के सामान्य तत्वों से प्रभावित और व्युत्पन्न हैं, जो स्थानीय संस्कृति को प्रतिबिंबित एवं क्षेत्रीय धरोहर को उजागर करती है।

इस अवसर पर, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री, श्री किंजरापु राममोहन नायडू ने इन परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में वाराणसी हवाई अड्डा वार्षिक 30 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करता है जो वर्ष 2047 तक 3 करोड़ का आकड़ा पार कर जाएगा, जिसके लिए 2870 करोड़ रुपये की लागत से एक नया टर्मिनल बनाया जाएगा। उन्होंने 'उड़ान योजना', क्षेत्रीय संपर्क योजना पर भी बल दिया, जिसके अंतर्गत सरसावा, रीवा और अंबिकापुर हवाई अड्डों का विकास किया गया है। इन परियोजनाओं के परिणामस्वरूप देश की हवाई संपर्कता मज़बूत होगी, अर्थव्यवस्था में तेज़ी आएगी और रोज़गार के नए अवसर उत्पन्न होंगे।

6,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इन सात हवाई अड्डा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भारत के नागर विमानन उद्योग को देश की आर्थिक वृद्धि में अग्रणी रखेगा और वैश्विक विमानन परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में इसकी भूमिका को सुदृढ़ करेगा। इन नए हवाई अड्डों और टर्मिनल भवनों के निर्माण से देश में हवाई संपर्क में वृद्धि होगी, जिससे पर्यटन, व्यापार, शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और रोज़गार सृजन होगा, जो इन क्षेत्रों की आर्थिक समृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे दीर्घावधि में राज्यों की अर्थव्यवस्था भी मज़बूत होगी तथा व्यवसायों पर सकारात्मक प्रभाव से उत्पादकता में भी वृद्धि होगी।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया महाप्रबंधक (निगमित संचार) से संपर्क करें:
011-20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 16/2024-25

MASTER PLAN
LAYOUT PLAN
GROUND FLOOR PLAN
VIEW FROM SECURITY HOLD
Rewa Airport
CITY SIDE VIEW
BENEFITS TO THE REGION